हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 2 मई 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री



13 पुलिस अधीक्षक ने डीआरजी जवानों को ...



13 समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तेंदूपत्ता संग्रहण पर...

# श्रमिक राष्ट्र के सच्चे निर्माता, उनके पसीने से लिखी जाती है विकास की इबारत : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कर्मकार श्रमिक कल्याण संघ की ओर से शहर के टाउन हॉल में शुक्रवार को श्रमिक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप एवं अध्यक्षता महापौर संजय पांडे ने की।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद कश्यप ने कहा कि श्रमिक समाज का वह आधार स्तंभ है, जिसके बिना किसी भी विकसित राष्ट्र की कल्पना करना असंभव है। बस्तर जैसे वनांचल क्षेत्रों में श्रमिक भाई-बहन कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मेहनत से विकास के पहिये को थामे हुए हैं। सांसद ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि सरकार श्रमिकों के स्वास्थ्य, शिक्षा और ▶▶|शेष पेज 12 पर

## अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर सांसद ने श्रमिकों का किया सम्मान



## श्रमिक परिश्रम, समर्पण और संघर्ष से देश की अर्थव्यवस्था को चलाते हैं : त्रिपाठी

*जगदलपुर। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के श्रमिक भाइयों का सम्मान किया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महावीर बघेल, कृष्णा यादव, ओमप्रकाश उइके, नरेंद्र बघेल, बालचंद्र बघेल, सौरभ कुमार श्रमिकों को माल्यार्पण, श्रीफल, अंगवस्त्र एवं मिठाई भेंट कर उनका सम्मान किया। प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संतोष त्रिपाठी ने कहा कि श्रमिक साथी अपने परिश्रम, समर्पण और संघर्ष से देश की अर्थव्यवस्था का पहिया चलाते हैं। कठिन परिस्थितियों चाहे कोविड काल हो या देश की सीमा में विपरीत परिस्थितियों में सड़क निर्माण जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य हर मोर्चे पर अदम्य साहस और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। इस मौके पर कृष्णा ठाकुर, चंद्रप्रकाश शुक्ला, लाला किशोर महावर, रितेश सोनी, रूपेश जैन, मनोज पटेल,मनीष जैन, आनंद झा, बृजेश कपूर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। पश्चिम मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने कहा कि देश के निर्माण और विकास में श्रमिकों का योगदान अतुलनीय है। उनके परिश्रम और समर्पण के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। सरकार हमेशा श्रमिकों के हितों के संरक्षण एवं उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध रही है।*

## खबर संक्षेप

### राशन दुकान से गायब हुआ शक्कर व चना

**जगदलपुर।** मदन मोहन मालवीय वार्ड के कांग्रेस पार्षद सूयार्पानी ने



प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राशन दुकान में शक्कर का वितरण बंद है। कार्डधारक कई दिनों से दुकानों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ निराशा होकर घर लौटना पड़ रहा है। गरीबों को मिलने वाला शक्कर केंद्र सरकार की वेबसाइट से उठाव होना बंद हो गया है। राशन दुकानों में तकनीकी दिक्कतें का हवाला दिया जा रहा है। पोर्टल में समस्या या आवंटन में देरी के कारण कोटे की शक्कर राशन दुकानों तक समय पर नहीं पहुंच पा रही है जिसका सीधा असर गरीब कार्डधारकों पर पड़ रहा है। इस तकनीकी खराबी के चलते अंत्योदय और प्राथमिकता वाले परिवारों को कम दर पर मिलने वाली शक्कर से वंचित होना पड़ रहा है। एक दो माह से चना की उपलब्धता भी नहीं तो पा रही है। सिस्टम में खराबी और तकनीकी समस्याओं का हवाला देकर कार्ड धारकों को लौटा रहे हैं। उन्होंने कहा यह सरकार व खाद्य विभाग की नाकामी है।

### शहर में आधे अधूरे सड़क निर्माण से लोग परेशान

**जगदलपुर।** कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष राजेंद्र



पटवा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि शहर में सड़क निर्माण कार्य भूमिपूजन तक सीमित है। धरातल पर सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है । भाजपा के नेता बड़े वादे और दावा करते नजर आ रहे है। सड़क निर्माण कार्यों की स्थिति चिंताजनक है। व्यस्तम मार्ग मोतीलाल नेहरू वार्ड से कोर्ट जाने वाले सड़क निर्माण कार्य शुरू होते ही बंद कर दिया गया है। यदि जल्द शहर के सभी सड़क जिनका भूमिपूजन हुआ है उन्हें गुणवत्ता के साथ शुरू नहीं करने पर वार्डवासीयों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने बाध्य होगी।

### गौतम बुध्द की 2570 वीं जंयती पर कार्यक्रम



**जगदलपुर।** शहर के वेलूवन बुद्ध विहार में बौध्द समाज ने एक मई को गौतम बुध्द की 2570 वीं जंयती मनाई गई। इस पर ध्वजारोहण, पंचशील बुद्ध वंदना, धम्मवंदना, संघवंदना पर वक्ताओं वक्तव्य दिया। उसके बाद उपासको का भोजनदान किया गया। इस दौरान विहार में समाज पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य शामिल रहे।

## जल संकट : अमृत जल मिशन के दावों के बीच बस्तर के सुदूर गांवों में प्यासा जनजीवन

# बूंद-बूंद को तरसता लामनी, भीषण गर्मी में पेयजल संकट ने खोली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के सुदूर ग्राम अंचलों में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को संकटग्रस्त कर दिया है। तापमान के बढ़ते स्तर के साथ पेयजल की आवश्यकता सबसे बड़ी प्राथमिकता बन चुकी है, लेकिन विडंबना यह है कि जिन योजनाओं का उद्देश्य गांव-गांव तक स्वच्छ जल पहुंचाना था, वही योजनाएं अब अपनी जमीनी विफलता का प्रतीक बनती दिखाई दे रही हैं। केंद्र और प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी अमृत जल मिशन योजना का वास्तविक स्वरूप बस्तर के नियानार के आश्रित ग्राम लामनी में साफ दिखाई देता है, जहां बीते एक माह से ग्रामीण गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं।

- नियानार के आश्रित ग्राम में एक माह से जलापूर्ति ठप

जगदलपुर ब्लाक अंतर्गत हाइवे पर स्थित फुटपदर में 3 साल से ओवरहेड टैंक का काम अधूरा है। अब तो सीढ़ी भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसी तरह हलबाकचोरा,धनियालूर में यही स्थिति है। हलबाकचोरा में टँकी कार्य अधूरा है,तो धनियालूर में टँकी बन गया बिजली कनेक्शन नही लगा। तुसेल,



जाटम, डोगाम, भैसबन्धा, जमावाड़ा,उलनार एवं कैका केरबहार में टँकी अधूरा है। मंगडूकचोरा में सोलर डवेल पम्प है,पाइप लाइन भी बिछ गई है,लेकिन कनेक्शन नही देने से आज भी घर तक पानी नही पहुंच रहा है। इन गांव के सरपंचों ने बताया

### टैंक में आयरनयुक्त पानी

गांव में समुचित पेयजल की आपूर्ति हो रही है,इसके लिए अलग-अलग पारा टोला में टैंक स्थापित किया गया है। ओवरहेड टैंक पीएचई विभाग है,जहां से आयरनयुक्त पानी की आपूर्ति होती है,जो पीने योग्य नही है। अनेक बार विभाग को इसकी लिखित एवं मौखिक शिकायत की गई,लेकिन स्थिति जस का तस है। एक मध्यम टैंक का मोटर खराब हो गया था,मैं जैसे-तैसे ठीक की हु। जिन्हें पेयजल की समस्या है,वे पंचायत में इसकी शिकायत कियो नही करते।

**नीलिमा मार्कण्डेय,** पंचायत सचिव

### बैठक में हुआ खुलासा

अमृत भारत मिशन का नोडल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की देखरेख में हो रहा है। विभाग की समीक्षा बैठक बुधवार को हुई,जिसमें लगभग दो दर्जन गांव में काम अधूरा है। विभाग के अनुसार केंद्र से राशि नही मिलने से योजना का कार्य अधूरा है।

**अमित भाटिया**
सीईओ, जपं

विभाग को शिकायत कर थक गए आज 3 साल हो गए कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इधर ग्राम लामनी के निवासियों से नियमित रूप से जल कर राशि ली जाती है, किंतु इसके बावजूद जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। ग्रामीणों के अनुसार घरों तक पानी पहुंचाने वाली व्यवस्था लंबे समय से बाधित है और शिकायतों के बावजूद समाधान की दिशा में ठोस पहल नहीं हुई। यह स्थिति केवल तकनीकी खामी नहीं,बल्कि प्रशासनिक और पंचायत स्तर की निष्क्रियता को भी उजागर करती है।

जानकारी के अनुसार गांव में बिछाई गई सीमेंट पाइपलाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। परिणामस्वरूप हजारों लीटर पानी अनियंत्रित रूप से गलियों में बह जाता है,जबकि पानी टंकी तक पर्याप्त जल पहुंच नहीं पाता। इसका सीधा प्रभाव गांव की पेयजल आपूर्ति पर पड़ रहा है। दूसरी ओर,सोलर पंप से उपलब्ध कराया जा रहा पानी ग्रामीणों के अनुसार पीने योग्य नहीं है,जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। भीषण गर्मी के इस दौर में जब जल संकट स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन की बुनियादी जरूरतों को प्रभावित कर रहा है, तब पंचायत प्रतिनिधियों की निष्क्रियता ग्रामीणों की नाराजगी का कारण बनी हुई है। जिम्मेदार पक्षों से जवाब मांगने पर स्पष्ट समाधान के बजाय गोलमोल प्रतिक्रिया मिलने की बात सामने आ रही है।

## 45 हजार की प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल बरामद दो गिरफ्तार



**जगदलपुर।** प्रतिबंधित अवैध नशीली ट्रामोडोल कैप्सूल बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहे दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 45 हजार रूपए से अधिक कीमत की नशीली कैप्सूल बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

नशीली कैप्सूल युवाओं को बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहे आरोपियों की सूचना मिलने पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति दलपत सागर सुलभ के पास एक मोटर सायकल में अवैध नशीली कैप्सूल रखकर बिक्री करने के लिए खड़े है तथा ग्राहक का इंतजार ▶▶|शेष पेज 12 पर

## कलेक्टर ने जनगणना कार्य का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले में जनगणना की प्रक्रिया को सुचारू और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आकाश छिकारा ने जमीनी स्तर पर पहुंचकर कार्यों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान ग्राम चोकावाड़ा में सोमारी के घर जाकर प्रगणक द्वारा की जा रही पूछताछ और जानकारी दर्ज करने की पद्धति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान परिवार के सदस्यों से भी चर्चा की और जनगणना के महत्व को बताया। कलेक्टर ने कार्य की गंभीरता को देखते हुए मौके पर उपस्थित प्रगणकों और सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि पूरी प्रक्रिया के ▶▶|शेष पेज 12 पर

- प्रगणकों को दिए सटीक डेटा प्रविष्टि के निर्देश

## 12वीं में मिताली और 10वीं में हेमा रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुंजी में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत जबकि कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में मिताली बिसाई ने 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कु. कृतिका ने 84.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और कु अंजली 76.2% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं ।

कक्षा 10वीं में कु. हेमा साहू ने 79.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कु राधिका गुप्ता ने 73.5 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। स्थानीय परीक्षा के अंतर्गत कक्षा 9वीं का परीक्षा



परिणाम 80 प्रतिशत रहा, जिसमें कु मुस्कान ने प्रथम 83 प्रतिशत तथा कु. बसंती 80 प्रतिशत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 11वीं में कला संकाय का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत तथा विज्ञान संकाय का 87 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में कु. संध्या 74 प्रतिशत ने प्रथम स्थान, जबकि कला संकाय में कु. उमावती 66 प्रतिशत ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा सरोज ने सफल ▶▶|शेष पेज 12 पर

## कर्तव्य में लापरवाही के चलते दो मंडी सचिवों का रोका वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हाल ही में कर्तव्य में लापरवाही और शासकीय कार्यों में शिथिलता बरतने के चलते मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक ने नारायणपुर एवं केशकाल मंडी सचिवों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई से मंडी परिसर में हड़कंप मच गया है। वेतन रोकने के साथ ही संबंधित मंडी सचिवों से कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके चलते बस्तर संभाग के 11 मंडी सचिवों को निर्देश दिया कि पिछले वर्ष से उपज की आवक कम होने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी, इसलिए ध्यान रखें। कृषि उपज मंडी में कहीं भी अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित सचिव को जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की ▶▶|शेष पेज 12 पर

- नारायणपुर व केशकाल मंडी सचिवों ने की लापरवाही पर हुई कार्रवाई
- कृषि उपज मंडी के पिछले वर्ष से उपज की आवक अधिक करने का दिया निर्देश



### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने मंडियों की कार्यप्रणाली में सुधार और राजस्व बढ़ाने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। मंडी समितियों की आर्थिक स्थिति को सुधारने, कर चोरी रोकने और ई-नाम के माध्यम से पारदर्शी व्यापार को बढ़ावा दें। कर्त्तव्य में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नक्सल प्रभावित सुकमा, बीजापुर व दंतेवाड़ा जिले के थानों में भी वर्षों रहे पदस्थ

# 33 साल पुलिस विभाग में बेदाग सेवा, 25 बार नकद पुरस्कार और 49 प्रशंसापत्र से सम्मानित हुए मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पुलिस विभाग में 33 साल बतौर सिपाही बेदाग नौकरी करने वाले आरक्षक डमरूनाथ मौर्य का सेवाकाल पुलिस विभाग में किसी चमत्कार से कम नहीं रहा। आमतौर पर सेवाकाल के दौरान एक से अधिक सजा मिलना आम बात है लेकिन पूरे सेवाकाल में एक बार भी सजा नहीं मिलना और सेवाकाल के दौरान 25 बार नकद पुरस्कार व 49 प्रशंसापत्र से सम्मानित होना गर्व की बात है।

- आरक्षक डमरूनाथ के सेवानिवृत होने पर सम्मान के साथ दी विदाई

आरक्षक में भर्ती होकर आरक्षक के पद से ही सेवानिवृत होने वाले डमरूनाथ मौर्य को ससम्मान विदाई दी गई। बस्तर पुलिस विभाग में 32 वर्ष 11 माह तथा 13 दिन तक अपनी सराहनीय सेवा देने के उपरांत आरक्षक डमरूनाथ मौर्य 30 अप्रेल को बस्तर पुलिस से सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में एसपी शलभ कुमार सिन्हा व पुलिस परिवार द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर भावविनी विदाई दी गई। विदाई समारोह के दौरान एसपी के अलावा डीएसपी ट्रैफिक संतोष जैन, डीएसपी जयराम चेरमाको, आरआई अभिजीत सिंह भदौरिया एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने अलावा डमरू नाथ मौर्य का परिवार भी मौजूद रहे। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डमरू नाथ मौर्य 17 ▶▶|शेष पेज 12 पर



### नक्सल प्रभावित थानों में दी सेवा

अपने सेवाकाल के दौरान डमरूनाथ मौर्य ने धूर नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जैसे चुनौतीपूर्ण जिलों के विभिन्न थानों में अपनी सेवाएं दीं। अपने अंतिम कार्यकाल में उन्होंने थाना रक्षित केंद्र जगदलपुर में कुशलतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन किया। उनके सेवानिवृत्ति पर बस्तर पुलिस परिवार के द्वारा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।



## खबर संक्षेप

### लड़कियों से छेड़छाड़ और मारपीट करने वाले 5 आरोपी हुए गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** ग्राम जैतपुरी में शादी समारोह के दौरान लड़कियों से छेड़छाड़ और मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को कोंडागांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 अप्रैल की रात शादी समारोह में डीजे पर डांस के दौरान आरोपी युवकों ने उसके साथ और अन्य 5 लड़कियों के साथ गलत नियत से हाथ, बांह और शरीर के अन्य हिस्सों को पकड़कर छेड़छाड़ की तथा मारपीट की। शिकायत के आधार पर थाना कोंडागांव में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देश पर थाना कोंडागांव और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस ने आरोपियों को तलब कर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने घटना करना स्वीकार किया। इसके बाद सभी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों में बबलु मरकाम 20 वर्ष, अनिल यादव 18 वर्ष, विरेन्द्र मानिकपुरी 21 वर्ष, महेश कुलदीप 21 वर्ष, अमित दास यादव 19 वर्ष शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय सहित थाना व साइबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा।

### पुलिस और बैंकों के बीच होना चाहिए बेहतर समन्वय



**कोण्डागांव।** साइबर सेल, पुराना पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। इसमें डीएसपी साइबर सेल नरेन्द्र पुजारी एवं प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय भी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। इसमें एसबीआई, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पंजाब नेशनल बैंक, आईडीबीआई, यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई और बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध जैसे यूपीआई फ्रॉड, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट और म्यूल अकाउंट की रोकथाम तथा प्रभावी जांच के लिए पुलिस और बैंकों के बीच समन्वय बढ़ाना रहा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बैंकों को सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस द्वारा जांच में आने वाली समस्याओं को रखा गया, जिस पर चर्चा के बाद सभी शाखा प्रबंधकों ने सहयोग और सहमति व्यक्त की। कोंडागांव पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी साइबर फ्रॉड की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर दें।

# कोंडागांव में 'हेलमेट बैंक' की अनूठी पहल, सड़क सुरक्षा को मिला नया सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और खासकर दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट के कम उपयोग को देखते हुए जिला प्रशासन ने हेलमेट बैंक की अभिनव पहल शुरू की है। यह पहल सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ–साथ लोगों में जागरुकता फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

इस योजना के तहत नेशनल हाईवे–30 से लगे दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की 9 ग्राम पंचायत मस्सुकोकोड़ा, माझीआंठगांव, लंजोडा, अनंतपुर, बड़ेराजपुर, बनियागांव, मसोरा, मर्दापाल और माकड़ी में हेलमेट बैंक स्थापित किए गए हैं। इन स्थानों का चयन दुर्घटनाओं की अधिकता को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

## दुर्घटनाओं पर रोक के लिए प्रशासन का प्रयास



### हेलमेट पहनने की आदत बनाएं: कलेक्टर

कलेक्टर ने नागरिकों से कहा है कि हेलमेट पहनना केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का माध्यम है। परिवार के सदस्य भी इसमें अहम भूमिका निभा सकते हैं। घर से निकलते समय एक–दूसरे को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। स्थानीय नागरिकों ने हेलमेट बैंक पहल की सराहना करते हुए इसे सड़क सुरक्षा के लिए सकारात्मक कदम बताया है। उनका कहना है कि इस तरह की पहल से लोगों में जिम्मेदारी और जागरुकता दोनों बढ़ेगी। 'हेलमेट बैंक' जैसी पहल न केवल दुर्घटनाओं में कमी लाने में मददगार है, बल्कि समाज को सुरक्षित और जागरूक बनाने की दिशा में भी एक मजबूत संदेश देती है।

### 120 से अधिक हेलमेट, 400 से ज्यादा ने उठाया लाभ

हेलमेट बैंक में 120 से अधिक हेलमेट उपलब्ध कराए गए हैं। अब तक 400 से ज्यादा लोग इस सुविधा का लाभ उठा चुके हैं, जिससे यह पहल जमीनी स्तर पर प्रभावी साबित हो रही है। इस योजना के तहत बिना हेलमेट यात्रा कर रहे दोपहिया चालकों को अस्थायी रूप से हेलमेट उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए केवल पहचान पत्र या नाममात्र की राशि जमा करनी होती है। उपयोग के बाद हेलमेट वापस करना अनिवार्य है, ताकि अन्य लोग भी इसका लाभ ले सकें।

छात्र-छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम, उत्साह और उल्लास के बीच घोषित हुआ रिजल्ट

# हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर का परीक्षा परिणाम किया गया घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में शैक्षणिक सत्र 2025–26 का परीक्षा परिणाम बड़े उत्साह और खुशी के माहौल में घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण बन गया। छात्र–छात्राओं के चेहरों पर सफलता की चमक साफ दिखाई दे रही थी, वहीं शिक्षक एवं स्टाफ भी अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस करते नजर आए।

कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। सावित्री मरकाम ने 78.6 बना कर संकुल मयूर डोंगर में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। वहीं द्वितीय स्थान भी कृषि संकाय के छात्र हेमकिशन ने हासिल किया, जिससे इस संकाय की मजबूत शैक्षणिक गुणवत्ता स्पष्ट हुई। हाईस्कूल कक्षा 10वीं के परिणाम में भी छात्राओं ने बाजी मारी। यामिनी ने 78 प्रतिशत से प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। द्वितीय स्थान पर अनूपा रही, जिन्होंने अपनी मेहनत और अनुशासन से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया।

**ये रहे मौजूद:** परिणाम घोषणा के दौरान संस्था के समस्त छात्र छात्राएं, प्राचार्य जमील खान, मुकेश सैमसन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, श्रीमती रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग,चंद्रा रेखा ध्रुव, लक्ष्मीकांत, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ कार्यक्रम की सफलता में सहभागी बना।

### परिणाम दिवस पर रहा उत्सव जैसा माहौल



परिणाम घोषित होने के दिन विद्यालय में विशेष उत्साह देखने को मिला। छात्र–छात्राओं ने एक–दूसरे को बधाई दी, मिठाइयाँ बांटी गईं और पूरे परिसर में खुशी का माहौल रहा। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि वे असफलता से निराश न हों, बल्कि उससे सीख लेकर आगे और बेहतर प्रदर्शन करें। इस शानदार परीक्षा परिणाम ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन और अनुकूल वातावरण मिले, तो वे किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर का यह परिणाम क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा 10 को

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा 10 मई को होगी। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग आयुक्त ने जारी सूचना में बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए विद्यार्थियों को सुबह 9.30 से 10 बजे के बीच ओएमआर शीट भरने का समय दिया जाएगा। जिसके पश्चात प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्राक्चयन परीक्षा होगी। इस परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र 1 मई से परीक्षा के दिन 10 मई की सुबह 9.30 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी विद्यार्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो वे जिले के आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# मोहनलाल की मौत की परिजनों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिगनपुर में कार्यरत व्याख्याता मोहनलाल मरकाम की संग्दिध मौत पर परिवारजन ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उल्लेखनीय हो कि 11 मार्च 2026 को विद्यालय में कार्यरत मोहन मरकाम की अचानक तबीयत बिगड जाने पर स्टॉफ द्वारा परिजनों को खबर किये बिना सीधे केशकाल सामुदायिक केन्द्र लेकर चले गए। जांच के ही दौरान उनकी मौत हो जाने पर परिवारवालों ने प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर आवेदन की प्रतिलिपि जिलाधीश व पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव को देकर जांच की मांग की है।



- डयूटी के दौरान व्याख्याता की तबियत बिगड़ी
- अस्पताल में डाक्टरों ने किया मृत घोषित

मांग के उपरांत स्थानीय उपनिरीक्षक ने विद्यालय के स्टॉफ से पूछताछ शुरू कि परन्तु एक माह से भी समय गुजर जाने के बावजूद जांच पूरी नहीं हो पाई है। प्राथमिक शव परीक्षण में प्रेशर के कारण हार्ट अटैक होना पाया गया है।

जिस पर परिवारवालों ने आरोप लगाया है, उसका अभी तक बयान नहीं लेना अनेक संदेहों को जन्म देता है। स्व० मोहनलाल की पत्नी कांति मरकाम ने सम्पूर्ण घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके पति मोहनलाल मरकाम व्याख्याता के पद पर शाउमावि सिंगनपुर विखं केशकाल में पदस्थ थे। प्रतिदिन की भांति शालेय कार्य के लिए 11 मार्च को सुबह 10 बजे स्वस्थ स्थिति में स्कूल गए। स्कूल पहुंचने के पश्चात जलपान के दौरान स्टॉफ के बीच में अवकाश संधारण के संबध में बहस हुई थी। उनका आरोप है कि एक स्टॉफ को मौखिक आदेश पर स्कूल में पदस्थ किया गया, वह नहीं होती तो शायद घटना नहीं होती। उनका आरोप है कि उनके पति के साथ दुव्यवहार किया गया, जिसके कारण उनका स्वस्थ बिगड़ गया। स्टॉफ के शिक्षक कर्मचारी उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केशकाल ले गये, लेकिन उनकी मौत हो गई।

### सबसे पूछताछ की जाए

*मृत व्याख्याता की पत्नी कांति ने कलेक्टर व एसपी से मांग की है कि सभी संबंधितों से पूछताछ की जाए। जांच के उपरांत दोषियों पर कार्रवाई हो, ताकि स्कूल के किसी अन्य सदस्यों को इस तरह का नुकसान न हो।*

# न्यौता भोज के साथ प्रगति प्रमाणपत्र का वितरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल संकुल सोनाबाल तहसील मर्दापाल में शैक्षणिक सत्र पूर्णता के अवसर पर गुरुवार को प्रगति प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठजन टेडूराम नेताम अध्यक्ष, वन विकास समिति, दक्षिण वन संभाग कोंडागांव एवं पूर्व पंच जगतराम नेताम के करकमलों से विद्यार्थियों को प्रगति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उन्होंने बच्चों को निरंतर अध्ययन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध लौह हस्तशिल्पी सुंदरलाल पोयाम विश्वकर्मा ने अपने पुत्र संदीप एवं रिंकी के विवाह उपलक्ष्य में विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया। बच्चों को बेसन भजिया एवं दुग्ध खीर परोसी गई, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल बन गया।

- प्राथमिक शाला के छात्र–छात्राओं में दिखा उत्साह
- बच्चों को निरंतर अध्ययन की दी गई प्रेरणा

### शिक्षकों व स्टाफ का रहा महत्वपूर्ण योगदान

कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रधान अध्यापक हितेंद्र कुमार श्रीवास, सहायक शिक्षक रूखमणी साहू, स्वीपर देवकी मंडावी एवं जगती नेताम का सराहनीय सहयोग रहा। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धि का उत्सव रहा, बल्कि विद्यालय और समाज के बीच मजबूत समन्वय एवं सहभागिता का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# सुशासन त्यौहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण नहीं, जनता के साथ अन्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले के ब्लॉक छोटेडोंगर कांग्रेस अध्यक्ष महेश कश्यप ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने 30 अप्रैल को तीसरी बार सुशासन तिहार मानने की योजना पर कहा, प्राप्त आवेदनों का निराकरण नहीं होता है। पिछले साल 2025 में लिए गए हजारों आवेदनों का आज तक निराकरण नहीं किया जा सका है।

- ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कश्यप ने भाजपा सरकार पर बोला हमला
- सन 2025 के हजारों आवेदनों को अब तक नहीं हुआ निराकरण

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कश्यप ने कहा कि गत वर्ष छोटेडोंगर ब्लॉक के अलग अलग 19 पंचायतों में सुशासन तिहार के तहत शिविर लगाकर बड़ी संख्या में आवेदन लिए गए थे और तत्काल निराकरण का भरोसा दिलाया गया था। पंचायतों के समस्याग्रस्त नागरिकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अपनी समस्या के त्वरित निराकरण के लिए आग्रह पत्र जमा किया था, बदले में उन्हें पावती दिया गया था। जिसमें क्यू आर कोड प्रिंट है। इसी क्यू आर कोड के माध्यम से आपके आवेदन की कार्य स्थिति का पता चलता है। आज तक इस क्यू आर कोड के माध्यम से बस यही पता चलता है कि आपके कार्य प्रगति पर है। उनके कार्यक्षेत्र की 19 पंचायतों में विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए बीते वर्ष से अभी तक कुल 16 आवेदन लगाया था। कुल 16 आवेदनों में से मात्र 2 कार्यों का ही निराकरण संभव हो सका है। शेष 14 कार्यों का आज तक अतापता नहीं है। क्यू आर कोड के माध्यम से पता चलता है कि कार्य प्रगति पर है। सुशासन के माध्यम से जनता को आवेदन लेकर लाइन में खड़े रखना कुशासन है।

### बीते साल के आवेदनों का पहले निपटारा हो



बीते साल के सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों पर पारदर्शिता के बिना एक साल बाद तीसरा बार सुशासन शिविर लगाना जनता के साथ बेईमानी है। गत वर्ष के प्रक्रिया को दुबारा बार दोहराना केवल औपचारिकता और राजनैतिक प्रचार ही कहलाएगा, इसमें कर्मचारी और आम जनता के साथ पंचायत एवं वार्ड स्तर के जनप्रतिनिधिगण परेशान होंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मांग है कि पहली बार के सुशासन तिहार शिविर के आवेदनों का पहले निराकरण हो उसके बाद ही दुबारा यह शिविर लगाया जाए, वरना चिलचिलाती धुप के महीना में लोगों को परेशान करना लोगों के साथ ज्यादती होगी।

# 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 179 छात्र–छात्राओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में विशेष समारोह आयोजित किया गया। वर्ष 2025–26 की बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर 10वीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले 179 मेधावी छात्र–छात्राओं को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शाल, श्रीफल, पेन और डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की।

**12वीं बोर्ड में इन्होंने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन** – 12वीं परीक्षा में सालेहा पारेख 95 प्रतिशत, कीर्ति देवांगन 94 प्रतिशत , लकेश दीवान 93.80 प्रतिशत, मंजेश्वरी 93.60 प्रतिशत, सलिमा 92.80 प्रतिशत, आयशा खातून 91.60 प्रतिशत, नाजिश फातिमा 91.20 प्रतिशत सहित कई विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

**10वीं बोर्ड में बेटियों का दबदबा** – 10वीं परीक्षा में सुनीता राठौर 95.17 प्रतिशत, कुमकुम पांडे 94.50 प्रतिशत, स्मृति पाल 94.17 प्रतिशत, निष्ठा सिंह 93.67 प्रतिशत, सतेन्द्र पांडे 93.33 प्रतिशत, एश्वर्या वैद्य 92.67 प्रतिशत सहित अन्य छात्र–छात्रओं ने जिले का नाम रोशन किया।



कोंगुड़ क्षेत्र की छात्र यशोदा राठौर ने 12वीं में 90.8 प्रतिशत अंक हासिल किए, वहीं उनकी छोटी बहन सुनीता राठौर ने 10वीं में 95.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दोनों बहनों ने सीमित संसाधनों, लंबी दूरी तय कर स्कूल पहुंचने और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच मेहनत कर यह सफलता प्राप्त की।

## पेज 11 के शेष...

### श्रमिक राष्ट्र के...

सामाजिक सुरक्षा के लिए निरंतर नए कदम उठा रही है। उन्होंने श्रमिकों से आह्वान किया कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ताकि उनका और उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके। सांसद ने श्रमिकों का सम्मान किया। महापौर ने कहा कि संघ की मांग पर जमीन दिया जाएगा। ग्रामीण अंचलों से आए श्रमिकों ने अपनी समस्याओं और अनुभवों को साझा किया। आयोजन के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं की पंजीयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष रघुनाथ नागेश, शिवशंकर कुरानी, तिजुराम कश्यप, सुमनी ठाकुर, माहरा समाज सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मंगलू राम कश्यप, फगुराम कश्यप, मदन बघेल, बलदेव कश्यप, बलराम बेसरा, जयमन कश्यप और शिवलाल नेताम सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए।

### 45 हजार की...

कर रहे है। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर दो संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाग बबलू कश्यप 35 वर्ष निवासी बैला बाजार दंतेश्वरी वार्ड शिव मंदिर के पास तथा मिथलेश कुमार यादव 31 वर्ष निवासी हिकमीपारा का रहने वाला बताया। दोनों के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली दवाई ट्रामोडोल की कैप्सूल 9 पत्ता 114 नग कीमत 45 हजार 6 सौ रूपए बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 बी के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

**कार्रवाई में इनका रहा योगदान:** नशे के सौदागरों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, एएसआई प्रमोद सिन्हा, प्रधान आरक्षक मोहन कश्यप, आरक्षक महेश पटेल, शैलेश राज, बलराम कश्यप, छबि लाल सोम, बंसी मौर्य व महिला आरक्षक रीना अनंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कलेक्टर ने जनगणना...

दौरान डेटा प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की तकनीकी या मानवीय त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और सरकारी नीतियों के निर्धारण में आधार स्तंभ होते हैं, इसलिए प्रत्येक जानकारी की सत्यता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। कलेक्टर ने जनगणना कर्मचारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ घर-घर जाकर जानकारी जुटाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, तहसीलदार राहुल गुप्ता सहित जनगणना कार्य से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 12वीं में मिताली...

विद्यार्थियों को बधाई दी तथा असफल विद्यार्थियों को निराश न होकर पुनः उत्साह और जोश के साथ पढ़ाई करने एवं भविष्य में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत से बेहतर परिणाम प्राप्त हुए। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष तुलसी राम देवांगन और सांसद प्रतिनिधि सूरज नाग उपस्थित रहे। उन्होंने अच्छे परिणाम के लिए विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। व्याख्याता के. बेनिशिव, गजेंद्र ध्रुवे, कुसुम हिरवानी, मंजू मंडावी, पूर्णिमा मिश्रा, मालती पोर्ते तथा स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कर्तव्य में लापरवाही...

जाएगी। साथ ही किसानों के हितों से किसी भी तरह का समझौता न हो और मंडी प्रणाली में किसानों का विश्वास बरकरार रहे। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष से इस वर्ष संभाग के 11 मंडियों में उपज की आवक लगभग 3 फीसदी कमी हुई पर विपणन की ओर से दिए गए बकाया मंडी शुल्क का भुगतान से मंडी की आय 29 फीसदी बढ़ी है। इसके अलावा मंडी बोर्ड के जेडी ने निर्माण शाखा के तकनीकि अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर ध्यान दें।

### 33 साल पुलिस विभाग...

मई 1993 को जिला पुलिस बल में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। अपनी कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के बल पर वे निरंतर कार्य करते रहे। अपने लगभग 33 वर्ष के लंबे कार्यकाल के दौरान उन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस विभाग द्वारा 25 बार नकद पुरस्कार और 49 प्रशंसा पत्रों से सम्मानित किया गया है। पूरे सेवाकाल में उन्हें कोई भी सजा नहीं मिली जो उनके उच्च अनुशासनात्मक स्तर को दर्शाता है। सेवाकाल के दौरान वे एक बार भी विभागीय परीक्षा में शामिल नहीं हुए, जिसके चलते 33 वर्ष की सेवा के बाद भी पदोन्नति नहीं मिली।

**खबर संक्षेप**

## नवाचारी शिक्षकों का हुआ सम्मान



**गीदम।** सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ नई दिल्ली द्वारा रायपुर के वृंदावन हॉल में एक भव्य एवं गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली समारोह में महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लता एस मुल्लूर और मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संयोजन लोकेश वर्मा द्वारा किया गया। समारोह में राज्य भर से आए नवाचारी शिक्षकों का उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मान किया गया जिसमे दंतेवाड़ा जिले से चयनित नवरी शिक्षकों का प्रतिष्ठित सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय नवरी शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में सुमन जॉर्ज प्रधानपाठक माध्यमिक शाला पटेलपारा हारम, सुनीता अजीत प्रधानपाठक बालक प्राथमिक शाला गीदम, शकुन टीकम प्रधान पाठक प्राथमिक शाला मूंडरू पारा हारम, डीउमा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला हरला, शिल्पा सिंह चौहान प्रधानपाठक प्राथमिक शाला सोनारपारा गीदम, संतोष वर्मा व्याख्याता हाई स्कूल कटेकल्याण, शिवकुमार गुप्ता शिक्षक प्राथमिक शाला डोंगरी पारा कटेकल्याण शामिल रहे।

## गीदम में मकान सूचीकरण का कार्य शुरू



**गीदम।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई 2026 से विधिवत शुरू हो गया है। गीदम तहसील अंतर्गत कुल 46 ग्रामों के 94 गणना ब्लाकों में इस कार्य को संपन्न कराने के लिए 91 प्रगणक और 14 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। भारत के इतिहास में पहली बार जनगणना का यह कार्य पूर्णतः डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है। प्रगणकों को मोबाइल ऐप के जरिए डेटा एकत्रित करने का प्रशिक्षण दिया गया है। इससे गणना में पारदर्शिता आएगी और त्रुटियों की संभावना कम होगी। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देश पर यह अभियान चल रहा है। अनुविभागीय अधिकारी गीदम विवेक चंद्रा ने ग्राम पंचायत हारम में एसआरएस गणना ब्लाक क्रमांक 0056 एवं 0057 का औचक निरीक्षण कर जनगणना कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

## हड़ताल के बीच शासन का बड़ा फैसला

**बीजापुर।** तेंदूपत्ता सीजन की शुरुआत से पहले ही वन विभाग और संबंधित समितियों में हलचल तेज हो गई है। बीजापुर वनमंडल अंतर्गत तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य 1 मई से प्रारंभ किया जाना है, लेकिन इससे पहले ही कर्मचारियों और प्रबंधकों द्वारा 8 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का संकेत दिया गया था। इस संभावित हड़ताल से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रभावित होने और शासन को करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने त्वरित कदम उठाते हुए 29 अप्रैल को आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन में संलग्न सभी कर्मचारी एवं प्रबंधक अब अत्यावश्यक सेवाओं के अंतर्गत माने जाएंगे।

# पुलिस अधीक्षक ने डीआरजी जवानों को हेलमेट का किया वितरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा**





यातायात नियमों का पालन कराने एवं पुलिस जवानों के सुरक्षा के मद्देनजर सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने हेलमेट का वितरण किया।

हेलमेट न होने के कारण हो रही दुर्घटनाओं जवानों के घायल अथवा मृत्यु हो रही है,मामले को संवेदनशीलता से संज्ञान लेते हुए एसपी किरण चव्हाण ने जवानों के लिए 1050 हेलमेट उपलब्ध करवाएं। एसपी ने जवानों से शपथ दिलाते हुए कहा कि बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने एवं शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएंगे । जवान 2-3 लाख की गाड़ी लोन लेकर खरीद लेते हैं पर हेलमेट का उपयोग नहीं करते यही खतरा बन जाता है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि लापरवाही से वाहन चलाने का नतीजा है हर वर्ष 10 से 15 लोग मारे जाते हैं। एसपी ने बताया कि जवान महंगी गाड़ियां तो ख़रीद लेते हैं लोन लेकर मगर हेलमेट का इस्तेमाल नहीं करते इसी वजह से दुर्घटनाओं में जाने जाती है । उन्होंने आगे कहा जवान शराब का सेवन करके वाहन चलाते हैं जो दुर्घटना का बड़ा कारण बन रहा है।

पिछले दो तीन साल में कई जवान दुर्घटना में अपनी जान गवां चुके हैं जिसका बड़ा कारण हेलमेट न पहनना है। सुकमा एएसपी रोहित शाह ने कहा कि पिछले दो तीन वर्षों में ही कई पुलिस जवान सड़क दुर्घटनाओं में मारे गये अथवा गंभीर घायल हुए। उन्होंने आगे कहा हेलमेट का उपयोग करें साथ ही जब पहने तो बक्कल अवश्य लगाएं। इस दौरान सुकमा एएसपी अभिषेक वर्मा, डीएसपी मनीष रात्रे, रक्षित निरीक्षक रवि उपाध्याय, यातायात प्रभारी निरीक्षक अनुराग सोनवानी, डीएसबी एसआई लिलाराम साहू, सूबेदार रमेश जयसवाल एवं जवान उपस्थित रहे।

### नवीन तेंदूपत्ता नीति पर जिला स्तरीय कार्यशाला

# समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तेंदूपत्ता संग्रहण पर जोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**



नवीन तेंदूपत्ता नीति के तहत तेंदूपत्ता संग्रहण, उपचारण, परिवहन एवं भंडारण सीजन को लेकर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बांसागार डिपो बीजापुर में किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव,

- परिपक्व पत्तों का शीघ्र संग्रहण प्रारंभ करने के निर्देश

वनमण्डलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक आरके जांगड़े , उप निदेशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा सहित जिला यूनियन के अध्यक्ष सीताराम मांझी, वन विभाग, शिक्षा, राजस्व एवं पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और तेंदूपत्ता सीजन से जुड़े फड़ अभिरक्षक व फड़मुंशी उपस्थित रहे। वनमण्डलाधिकारी आरके जांगड़े ने पत्तों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए परिपक्व पत्तों का शीघ्र संग्रहण प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि उपचारण कार्य में विलंब न हो और पत्तों की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने जिन संग्राहकों के बैंक खाते नहीं हैं, उनके खाते खुलवाकर भुगतान सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही आंधी-तूफान जैसी स्थिति में समयसीमा के भीतर बीमा संबंधी जानकारी प्रस्तुत करने पर जोर दिया गया। उप निदेशक ने सभी को गंभीरता के साथ संग्रहण कार्य करने और पारिश्रमिक का भुगतान खातों के माध्यम से शीघ्र करने के निर्देश दिए। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जोगेश्वर कौशल ने तेंदूपत्ता संग्रहण अवधि सीमित होने का उल्लेख करते हुए समयबद्ध तरीके से संग्रहण से भंडारण तक सभी कार्य पूर्ण करने पर बल दिया।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने पिछले वर्ष संग्रहण में आई कमी का जिक्र करते हुए इस वर्ष अधिक से अधिक तेंदूपत्ता तोड़ाई करने की अपील की। उन्होंने नक्सल संबंधी किसी भी प्रकार के दबाव या समस्या की स्थिति में पुलिस को तत्काल सूचित करने का आग्रह करते हुए हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया।

कलेक्टर ने तेंदूपत्ता को जिले में आजीविका का प्रमुख साधन बताते हुए पिछले वर्ष कम संग्रहण से हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष बेहतर गुणवत्ता के अधिक से अधिक पत्तों के संग्रहण के निर्देश दिए। कार्यशाला में उपवन मंडलाधिकारी पीके नेताम ने संग्रहण से लेकर स्थायी गोदाम तक की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी तथा अच्छे पत्तों की पहचान, गड्डी बंधाई, बोराभराई और अभिलेख संधारण के बारे में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। अंत में उपवन मंडलाधिकारी देवेन्द्र गौड़ ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## 31 लाख से ज्यादा की गुम संपत्ति नागरिकों को वापस लौटाई गई



**दंतेवाड़ा।** जिले में चलाये जा रहे गुम मोबाईल तलाश अभियान के तहत 1 मई को 141 मोबाईल जिनका अनुमानित कीमत लगभग 31,00,000 रूपये नागरिकों को वापस लौटाई गई। दन्तेवाड़ा पुलिस के द्वारा आमजन को उनके गुम हुये मोबाईल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से तलाश कर इया आपलो सामान निया कार्यक्रम के द्वारा वापस किया गया। आम नागरिकों की सुगमता के लिए सायबर हेल्पलाईन नम्बर 9479151665 जारी किया गया है एवं भारत सरकार द्वारा जारी 1930 हेल्पलाईन नम्बर एवं cybercrime@gov.in में भी शिकायत दर्ज करा सकते है। सायबर हेल्पलाईन दन्तेवाड़ा के नाम से व्हाटसप अकाउंट भी बनाया गया है जिसमें आम नागरिक अपने शिकायत व्हाटसप के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार वर्मन एवं सायबर सेल नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक ठाकुर गौरव सिंह के मार्गदर्शन रहा।

# बीजापुर का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**





जिले ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणामों में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजों में बीजापुर ने शानदार प्रदर्शन किया है।

कक्षा 10वीं में जिले ने 96.06 प्रतिशत परिणाम के साथ पूरे राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया, जो अब तक का एक रिकॉर्ड है। वहीं कक्षा 12वीं में 95.03 प्रतिशत विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने के साथ जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा। इस उपलब्धि में छात्रों की मेहनत भी साफ झलकती है। 12वीं में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बीजापुर के छात्र अंकित मोरला ने 90.20 प्रतिशत अंक के साथ जिला टॉप किया। 10वीं में नवीन कन्या हाईस्कूल के अनिल कुमार मज्जी ने 93.50 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान हासिल किया।

कुल 4117 परीक्षार्थियों में से 2805 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 10वीं में 2416 में से 1652 छात्र प्रथम श्रेणी में सफल हुए। 12वीं में 1701 में से 1153 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। इस अभूतपूर्व सफलता के पीछे जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त रणनीति रही। सत्र की शुरुआत में ही कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में लक्ष्य आधारित वार्षिक योजना बनाई गई। हर दो महीने में प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित कर नियमित समीक्षा की गई। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी दूर करने हेतु डीएमएफ फंड से 48 शिक्षा मितान नियुक्त किए गए। कमजोर छात्रों के लिए रिमेडियल क्लास और अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की गईं। जिला स्तर पर परीक्षा सेल बनाकर ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्नपत्र तैयार किए गए।

पामेड़, कोशलनार, बेदरे, मिरतुर, फरसेगढ़ और बासागुड़ा जैसे पहले नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों ने शत-प्रतिशत परिणाम देकर नई उम्मीद जगाई है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक माहौल और निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

# रेत के अवैध उत्खनन परिवहन को लेकर उड़नदस्ता दल चौकस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा गौण खनिज साधारण रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन कर रहे वाहन,मशीनों के मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार लगातार कार्यावाही जारी है इस क्रम में आज दंतेवाड़ा जिले के ग्राम छिंदनार, तहसील बारसूर स्थित इन्द्रावती नदी क्षेत्र में गौण खनिज साधारण रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन के संबंध में खनिज जांच अमलें द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। मौके जांच में ग्राम छिंदनार स्थित सीआरपीएफ कैम्प के समीप स्थित इंद्रावती नदी क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध उत्खनन, परिवहन नहीं किया जाना पाया गया। मौके जांच में पाया गया कि पूर्व में खनिज साधारण रेत के उत्खनन हेतु नदी क्षेत्र में रैम्प (रास्ता) निमार्ण किया गया था। उक्त रैम्प को मौके जांच उपरान्त जेसीबी मशीन की सहायता से खोद कर रास्ता बंद किया गया जिससे कि अवैध उत्खनन, परिवहन को रोका जा सके।

## हैंड हेल्ड मशीन से 116 ग्रामीणों का हुआ एक्स-रे



**बस्तर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रमके अंतर्गत चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत विकासखंड बस्तर के हाई रिस्क ग्राम पंचायत मंधोता-1 में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आधुनिक तकनीक हैंड हेल्ड चेस्ट एक्सरे मशीन के माध्यम से ग्रामीणों की मौके पर ही जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 116 ग्रामीणों का डिजिटल एक्सरे किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# चार्ज अधिकारी ने गांव पहुंचकर बढ़ाया प्रगणकों का उत्साह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर**



जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य की शुरुआत के साथ ही बस्तर तहसील क्षेत्र में कार्य तेज़ी से गति पकड़ रहा है। इसी कड़ी में चार्ज अधिकारी जॉली जेम्स ने ग्राम पंचायत आड़ावाल का दौरा कर जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से उनके-अपने गणना क्षेत्रों में पहुंचकर सीधे संवाद किया।

उन्होंने मैदानी स्तर पर चल रहे कार्य का बारीकी से निरीक्षण करते हुए प्रगणकों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें पूरी जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने नजरी नक्शा तैयार करने के मापदंडों की विस्तृत जानकारी दी, ताकि प्रत्येक गणना क्षेत्र का सटीक और व्यवस्थित दस्तावेज तैयार हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि सही नक्शा ही जनगणना की गुणवत्ता को मजबूत बनाता है।

जेम्स ने पंचायत सचिव, ग्राम कोटवार एवं पटेलों को भी सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय बोली और भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी रखने वाले ये सहयोगी प्रगणकों के लिए सेतु का कार्य करेंगे और जनगणना को सहज बनाएंगे। निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर शैलेंद्र कुमार तिवारी, प्रगणक टीकेंद्र राम, सचिव रूप सिंह बघेल एवं ग्राम कोटवार उपस्थित रहे।

चार्ज अधिकारी के इस संवेदनशील और प्रेरणादायी नेतृत्व से प्रगणकों में नया जोश देखने को मिल रहा है। इससे स्पष्ट है कि बस्तर तहसील में जनगणना का कार्य न केवल व्यवस्थित ढंग से, बल्कि पूर्ण समर्पण और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

# कृष्णा को 10वीं में 94.67% अंक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा**



जिला में बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में सुकमा जिले ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेशभर में अपनी मजबूत पहचान बनाई छात्रों ने जिले ने शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करते हुए 10 वी परीक्षा मे कृष्णा गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता पर सांस प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया,13 नम्बर वार्ड पार्षद कांता लीलाधार राठी, भाजपा के पूर्व

- कृष्णा गुप्ता के घर पहुंच भाजपा नेता व पार्षद ने सराहा

कोषाध्यक्ष लीलाधार राठी, पार्षद विवेक यादव,राजकुमार श्रीवाने, जितेंद्र सिंह ने कृष्णा गुप्ता के घर पहुँच कर सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। कक्षा 10वीं के परिणामों में सुकमा जिले का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। कुल 2013 विद्यार्थियों में से 1835 छात्र-छात्राएं सफल हुए और जिले ने 91.29 प्रतिशत सफलता प्रतिशत दर्ज किया। परिणामों में 1148 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 673 ने द्वितीय श्रेणी तथा 14 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।

आपको बता दे कि पिता उपेन्द्र गुप्ता के सुपुत्र कृष्णा गुप्ता ने आत्मानंद विद्यालय में 10 वीं कक्षा में 94.67 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है, साथ ही पूरे सुकमा जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। सबसे बडी बात यह है कि कृष्णा गुप्ता के पिता उपेन्द्र गुप्ता एक मध्यमवर्गीय परिवार से हैं और कपड़ों की फेरी लगाकर गाँव-गाँव घूमकर अपना व्यापार करते हैं। ऐसे संघर्षपूर्ण जीवन से निकलकर यह उपलब्धि और भी प्रेरणादायक बन जाती है। यह सफलता मेहनत, लगन और परिवार के त्याग का परिणाम है। कृष्णा गुप्ता का यह सफर सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। कृष्णा गुप्ता के द्वारा 10 वी की कक्षा मे शानदार प्रदर्शन करने पर परिवार मे ख़ुशी की लहर दौड़ रही है एवं साथ ही परिजनों एवं मित्रो दोस्तों के द्वारा शुभकामनायें बधाईया दी जा रही है।

## मुन्ने अभियान के तहत शिविर 4 मई से

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के परिपालन में बस्तर संभाग के नागरिकों को लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने हेतु बस्तर मुन्ने (अग्रणी बस्तर) सुशासन तिहार एवं नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के अंतर्गत जिले के दंतेवाड़ा, कुआकोंडा, गीदम, कटेकल्याण के चिन्हित ग्रामों में 4 मई से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए तिथियां भी जारी कर दी गई है। स्तरीय शिविरों के सफल पर्यवेक्षण निरीक्षण एवं सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारी, कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए है।

# पूर्व मंत्री गागड़ा ने भरा जनगणना फार्म

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**



पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्वयं अपनी स्व-गणना पूर्ण की और आम नागरिकों को भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास की आधारशिला है। सही और सटीक आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं और नीतियों को दिशा देते हैं, इसलिए हर नागरिक का इसमें सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे जनगणना कार्य को गंभीरता से लें और समय पर अपनी जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आगे आकर डिजिटल माध्यम से स्व-गणना करने का आग्रह किया, ताकि प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बन सके। इस पहल के जरिए उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि जब जनप्रतिनिधि स्वयं आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाते हैं, तो समाज में जागरूकता और भागीदारी दोनों बढ़ती हैं। स्थानीय लोगों ने भी उनके इस कदम की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल बताया।

# कलेक्टर ने किया जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा**



जकलेक्टर अमित कुमार ने कोंटा विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत बंडा में चल रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण कर प्रशासन की सक्रियता और जिम्मेदारी का परिचय दिया। उनके अचानक पहुंचने से जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों में तत्परता देखने को मिली और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित हुई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केवल औपचारिक समीक्षा तक सीमित न रहकर पर्यवेक्षक के साथ स्वयं हितग्राहियों के घर जाकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जनगणना के अंतर्गत शामिल 33 बिंदुओं पर हितग्राही हड़मे माड़वी और मड़कम सुक्की से सीधे संवाद कर आवश्यक विवरण पूछे और मकान नंबर, मुखिया का नाम, आधार नंबर तथा मोबाइल नंबर जैसी जानकारी स्वयं भरकर प्रक्रिया की पारदर्शिता को मजबूत किया। उन्होंने पेयजल व्यवस्था, बिजली की उपलब्धता, गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेकर शासन की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन को गंभीरता से परखा।

# एनएमडीसी सीएसआर के तहत चिकित्सा सेवा कर रही प्रदान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल**



किरंदुल कॉम्प्लेक्स के रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक के निर्देशन एवं केएल नागवेणी उप महाप्रबंधक मानव संसाधन के मार्गदर्शन में नैगम सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना के आसपास के आदिवासी ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। इसी तारतम्य में परियोजना द्वारा सीएसआर के तहत निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाकर ग्राम पंचायत समलवार, चोलनार, कलेपाल, कोड़ेनार, टिकनपाल, बेनपाल के लोगों के लिए खून जांच, ब्लड प्रेशर, मलेरिया जांच, खांसी, सर्दी एवं बुखार की जांच की गई। 27 अप्रैल को कोड़ेनार में एवं 28 अप्रैल कलेपाल और टिकनपाल के सामुदायिक भवन में आदिवासियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजन हुआ। मेडिकल जांच टीम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ.एमवी लाल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अमृता श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.खुशबू श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.प्रशांत सिंगदिलवार ने ग्रामवासियों की स्वाथ्य जांच की। शिविर के दौरान विवेक कुमार रक्शा, प्रबंधक सीएसआर, एसआर गावडे, प्रबंधक सीएसआर, कुनामी हंसदा, सहा.प्रबंधक मानव संसासधन, मेल नर्स सुनील कुमार एवं महिला नर्स कुमारी सुजीता कुंजाम, सरपंच मीना मंडावी, वन समिति सचिव सुशील कुंजाम, गोविंद गावड़े, बुधराम ताती सहित सीएसआर विभाग के मधुसूदन मंडल एवं विभिन्न ग्रामों के ग्रामीण व बच्चे उपस्थित थे। जांच उपरांत आदिवासी ग्रामीणों को दवाई प्रदान की गई।




हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740